# त्वरित संदर्भ लेने वाली गाइड

## प्रस्ताव 2 — पब्लिक स्कूल और सामुदायिक कॉलेज के सुविधा-स्थलों के लिए बॉन्ड्स को अधिकृत करता है। विधायी कानून।

**सारांश** *विधानसभा द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

K-12 पब्लिक स्कूलों (चार्टर स्कूलों सहित), सामुदायिक कॉलेजों और कैरियर तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों में स्वास्थ्य और सुरक्षा की स्थितियों में सुधार और कक्षाओं के अपग्रेड्स सहित, सुविधा-स्थलों की मरम्मत, अपग्रेड और निर्माण करने के लिए सामान्य दायित्व बॉन्ड्स में $10 बिलियन को अधिकृत करता है। वार्षिक लेखा-परीक्षणों को ज़रूरी बनाता है। **राजकोषीय प्रभाव:** बॉन्ड की वापसी अदायगी के लिए राज्य की लागतों में 35 वर्षों के लिए वार्षिक रूप से लगभग $500 मिलियन की वृद्धि। **समर्थक:** California शिक्षक संघ; California स्कूल नर्स संगठन; California की सामुदायिक कॉलेज लीग **विरोधी:** Howard Jarvis करदाताओं का संघ

**आपके मतदान का क्या मतलब है**

**हाँ** पर हाँ के मतदान का मतलब है: राज्य नए पब्लिक स्कूल और सामुदायिक कॉलेज सुविधा-स्थल बनाने या मौजूदा का नवीनीकरण करने के लिए $10 बिलियन उधार ले सकता है।

**नहीं** पर नहीं के मतदान का मतलब है: राज्य नए पब्लिक स्कूल और सामुदायिक कॉलेज सुविधा-स्थल बनाने या मौजूदा का नवीनीकरण करने के लिए $10 बिलियन उधार नहीं ले सकता है।

**तर्क**

**फायदा** बहुत से स्कूल और सामुदायिक कॉलेज पुराने हो गए हैं और उन्हें विद्यार्थियों को कॉलेज और करियरों के लिए तैयार करने और गुणवत्तापूर्ण अध्यापकों को आकर्षित करने और उन्हें बनाए रखने के लिए आधारभूत स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी सुधारों और अपग्रेड्स करवाने की ज़रूरत है। प्रस्ताव 2 उन ज़रूरतों को पूरा करता है और कड़ी करदाता जवाबदेही को आवश्यक बनाता है जिससे निधियों को स्थानीय नियंत्रण के साथ किए गये वादों के अनुसार खर्च किया जाए।

**नुकसान** प्रस्ताव 2 हमारी बॉन्ड बाध्यताओं को $10 बिलियन बढ़ा देगा जिससे ब्याज के साथ इसे चुकाने पर करदाताओं पर अनुमानित रूप से $18 बिलियन का बोझ पड़ेगा। एक बॉन्ड सरकारी क्रेडिट कार्ड की तरह काम करता है—उस क्रेडिट कार्ड का भुगतान करने के लिए सरकार को आपके और अधिक टैक्स डॉलरों को खर्च करना पड़ता है! *प्रस्ताव 2 पर नहीं में मतदान करें।*

**अतिरिक्त जानकारी के लिए**

**के पक्ष में**

प्रस्ताव 2 पर हाँ में मतदान करें—बढ़िया स्कूलों के पक्ष में California वासी
info@californiansforqualityschools2024.com
www.californiansforqualityschools2024.com

**के विपक्ष में**

असेम्बली के सदस्य Bill Essayli
California राज्य विधानसभा
State Capitol
P.O. Box 942849
Sacramento, CA 94249-0063
(916) 319-2063
Assemblymember.Essayli@assembly.ca.gov
https://ad63.asmrc.org/

## प्रस्ताव 3 — विवाह का संवैधानिक अधिकार। विधायी संवैधानिक संशोधन।

**सारांश** *विधानसभा द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

लिंग या जाति पर ध्यान दिए बिना, विवाह करने के मौलिक अधिकार को मान्यता देने के लिए California के संविधान में संशोधन करता है। California के संविधान में से उस भाषा को हटाता है जिसमें यह कहा गया है कि विवाह केवल पुरुष और महिला के बीच होता है। **राजकोषीय प्रभाव:** राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए राजस्व या लागतों में कोई परिवर्तन नहीं। **समर्थक:** अमेरिका में इवेंजेलिकल लूथरन चर्च की Sierra Pacific धर्मसभा; Dolores Huerta संस्थान; समानता California **विरोधी:** Jonathan Keller, California परिवार परिषद; पादरी Tanner DiBella

**आपके मतदान का क्या मतलब है**

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ के मतदान का मतलब है: California के संविधान में इसका मिलान करने के लिए भाषा को नवीनतम रूप दिया जाएगा कि वर्तमान में कौन विवाह कर सकता है। इस बारे में कोई परिवर्तन नहीं होगा कि कौन विवाह कर सकता है।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं के मतदान का मतलब है: California के संविधान में भाषा नहीं बदली जाएगी। इस बारे में कोई परिवर्तन नहीं होगा कि कौन विवाह कर सकता है।

**तर्क**

**फायदा** प्रस्ताव 3 विवाह करने की Californian वासियों की स्वतंत्रता की रक्षा करता है, चाहे उनकी जाति या लिंग कोई भी क्यों न हो। प्रस्ताव 3 California के संविधान से उस भेदभावपूर्ण भाषा को हटाता है जिसमें यह कहा गया है कि विवाह केवल पुरुष और महिला के बीच होता है। प्रस्ताव 3 नागरिक अधिकारों के प्रति California की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ बनाता है और निजी स्वतंत्रता की रक्षा करता है। हाँ में मतदान करें! YesonProp3CA.com

**नुकसान** प्रस्ताव 3 बाल विवाह, कौटुम्बिक व्यभिचार और बहुविवाह प्रथा के लिए दरवाजे खोलते हुए विवाह संबंधी सभी नियमों को हटाता है। यह California के संविधान को बदलता है, हालाँकि समान-लिंग वालों का विवाह पहले से ही कानूनसम्मत है। माँ और पिता को वैकल्पिक बनाकर, यह बच्चों को जोखिम में डालता है। यह लापरवाह विधेयक परिवारों और समाज को नुकसान पहुँचाता है। प्रस्ताव 3 पर नहीं में मतदान करें।

**अतिरिक्त जानकारी के लिए**

**के पक्ष में**

समानता CALIFORNIA द्वारा प्रायोजित, प्रस्ताव 3 पर हाँ में मतदान करें
info@yesonprop3ca.com
YesonProp3CA.com

**के विपक्ष में**

Jonathan Keller
California परिवार परिषद
P.O. Box 7937
Fresno, CA 93747
(866) 866-7993
Proposition3@CaliforniaFamily.org
https://CaliforniaFamily.org/Proposition3

# त्वरित संदर्भ लेने वाली गाइड

## प्रस्ताव 4

**पीने के लिए सुरक्षित पानी, जंगलों में लगने वाली आग की रोकथाम, तथा समुदायों और प्राकृतिक भूमियों को जलवायु के कारण होने वाले जोखिमों से बचाने के लिए बॉन्ड्स को अधिकृत करता है। विधायी कानून।**

### सारांश

*विधानसभा द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

पानी, जंगलों में लगने वाली आग की रोकथाम, तथा समुदायों और प्राकृतिक भूमियों के संरक्षण के लिए सामान्य दायित्व बॉन्ड्स में $10 बिलियन अधिकृत करता है। वार्षिक लेखा-परीक्षणों को ज़रूरी बनाता है। **राजकोषीय प्रभाव:** बॉन्ड की वापसी अदायगी के लिए राज्य की लागतों में 40 वर्षों के लिए वार्षिक रूप से लगभग $400 मिलियन की वृद्धि। **समर्थक:** साफ़ पानी के लिए कार्रवाई; CALFIRE अग्निशामक दल; राष्ट्रीय वन्यजीव संघ; प्रकृति संरक्षण **विरोधी:** Howard Jarvis करदाताओं का संघ

### आपके मतदान का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ के मतदान का मतलब है: राज्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने और जलवायु परिवर्तन के कारणों और प्रभावों पर कार्रवाई करने पर लक्षित विभिन्न गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए $10 बिलियन का उधार ले सकता है।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं के मतदान का मतलब है: राज्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने और जलवायु परिवर्तन के कारणों और प्रभावों पर कार्रवाई करने पर लक्षित विभिन्न गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए $10 बिलियन का उधार नहीं ले सकता है।

### तर्क

**फायदा** पीने के सुरक्षित पानी, जंगल की आग की रोकथाम, स्वच्छ हवा और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए 4 पर हाँ कहें। California के अग्निशामक, संरक्षण समूह, स्वच्छ जल के पक्षसमर्थक हाँ का आग्रह करते हैं। स्वतंत्र लेखा-परीक्षण, कड़ी पारदर्शिता के साथ जवाबदेह, वित्तीय रूप से जिम्मेदार। पहले से सक्रिय दृष्टिकोण से पैसा बचता है और जंगल की विनाशकारी आग, धुआं, सूखे और प्रदूषण के सबसे खराब प्रभावों की रोकथाम होती है।

**नुकसान** बॉन्ड्स सरकारी खर्च का वित्तपोषण करने का सबसे महंगा तरीका हैं। *पानी और जंगल की आग में कमी करना ज़रूरतें हैं, विलासिताएँ नहीं।* उनके लिए *बजट* में स्थान रखा जाना चाहिए और न कि *बॉन्ड* जारी किए जाने चाहिए। खराब प्रबंधन के कारण यह संकट आया है। $10 बिलियन के बॉन्ड की वजह से खर्च किए गए हर डॉलर के लिए करदाताओं को लगभग $2 चुकाने होंगे। प्रस्ताव 4 पर नहीं में मतदान करें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**के पक्ष में**

पीने के सुरक्षित पानी और जंगल की आग की रोकथाम के लिए California वासियों, पर्यावरणीय संगठनों द्वारा प्रायोजित
555 Capitol Mall, Suite 400
Sacramento, CA 95814
Info@CAYeson4.com
CaYeson4.com

**के विपक्ष में**

hjta.org/hjta-ballot-measure-recommendations

## प्रस्ताव 5

**55% मतदाता अनुमोदन के साथ किफायती आवास और सार्वजनिक बुनियादी सुविधाओं के लिए स्थानीय बॉन्ड्स की अनुमति देता है। विधायी संवैधानिक संशोधन।**

### सारांश

*विधानसभा द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

55% मतदान के साथ निम्न और मध्यम आय वाले California निवासियों के लिए स्थानीय बुनियादी सुविधाओं और आवास बॉन्ड्स के अनुमोदन की अनुमति देता है। जवाबदेही संबंधी अपेक्षाएँ। **राजकोषीय प्रभाव:** किफायती आवास, सहायक आवास, और सार्वजनिक बुनियादी सुविधाओं के निधिकरण के लिए बढ़ा हुआ स्थानीय उधार। यह राशि स्थानीय सरकारों और मतदाताओं द्वारा लिए गए फैसलों पर निर्भर करेगी। उधार को बढ़े हुए संपत्ति टैक्स के साथ वापस चुकाया जाएगा। **समर्थक:** California पेशेवर अग्निशामक; California की महिला मतदाताओं की लीग; मानवता के लिए ठौर-ठिकाना California **विरोधी:** California का करदाता संघ; California हिस्पैनिक चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स; भूतपूर्व महिला सैनिकों का गठबंधन

### आपके मतदान का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ के मतदान का मतलब है: कुछ विशेष स्थानीय बॉन्ड्स और संबंधित संपत्ति टैक्सों का अनुमोदन वर्तमान में स्थानीय मतदाताओं के दो-तिहाई मतों के अनुमोदन की बजाय 55 प्रतिशत मतदान से किया जा सकता है। इन बॉन्ड्स को किफायती आवास, सहायक आवास या सार्वजनिक बुनियादी सुविधा-स्थलों का निधिकरण करना होगा।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं के मतदान का मतलब है: कुछ विशेष स्थानीय बॉन्ड्स और संबंधित संपत्ति टैक्सों के लिए स्थानीय मतदाताओं के दो-तिहाई मतों के अनुमोदन की आवश्यकता जारी रहेगी।

### तर्क

**फायदा** प्रस्ताव 5 स्थानीय खर्च संबंधी प्राथमिकताओं को राज्य सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त करता है जिससे स्थानीय मतदाताओं और करदाताओं को अपने समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने का विकल्प और उपकरण मिल जाते हैं। चाहे यह आवास की किफायत, अधिक सुरक्षित सड़कें, अधिक अग्निशमन केंद्र हों, या अन्य समुदाय-संचालित परियोजनाएँ हों, प्रस्ताव 5 स्थानीय मतदाताओं को स्थानीय समस्याओं का समाधान करने के लिए सशक्त बनाता है। हाँ में मतदान करें।

**नुकसान** प्रस्ताव 5 बॉन्ड के ऋण को बढ़ाने को आसान बनाने के लिए संविधान में बदलाव करता है जिससे संपत्ति टैक्स बढ़ जाते हैं। प्रस्ताव 5 वित्तीय बोझ को राज्य के कंधों से उतारकर स्थानीय समुदायों पर डाल देता है जिससे मकान-मालिकों, किराएदारों और उपभोक्ताओं के लिए लागतें बढ़ जाती है। राजनेताओं ने प्रस्ताव 5 में बचाव के रास्ते रखे हैं जिससे "बुनियादी सुविधाओं" का मतलब कुछ भी हो सकता है।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**के पक्ष में**

प्रस्ताव 5 पर हाँ
www.YesOnProp5.org

**के विपक्ष में**

स्थानीय करदाताओं की रक्षा करें
info@VoteNoProp5.com
VoteNoProp5.com

# त्वरित संदर्भ लेने वाली गाइड

## प्रस्ताव 6

**कैदी व्यक्तियों के लिए अस्वैच्छिक दासता की अनुमति देने वाले संवैधानिक प्रावधान को समाप्त करता है। विधायी संवैधानिक संशोधन।**

### सारांश

*विधानसभा द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

उस मौजूदा प्रावधान को हटाने के लिए California के संविधान में संशोधन करता है जो जेलों और कारावासों को अपराध को दंडित करने के लिए अस्वैच्छिक दासता करवाने (*अर्थात,* कैदी व्यक्तियों को काम करने के लिए विवश करना) की अनुमति देता है। **राजकोषीय प्रभाव:** राज्य और स्थानीय लागतों में इस आधार पर संभावित वृद्धि या कमी कि राज्य की जेलों और काउंटी के कारावास में लोगों के लिए काम कैसे बदलता है। किसी भी प्रभाव से संभावित रूप से सालाना दसियों मिलियन डॉलर से अधिक की वृद्धि नहीं होगी। **समर्थक:** असेम्बली सदस्या Lori Wilson **विरोधी:** कोई प्रस्तुत नहीं किया गया

### आपके मतदान का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ के मतदान का मतलब है: अपराध के लिए सजा के रूप में अस्वैच्छिक दासता की अनुमति नहीं होगी। राज्य की जेलों को जेल में उन लोगों को दंडित करने की अनुमति नहीं होगी जो काम करने से इंकार कर देते हैं।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं के मतदान का मतलब है: अपराध के लिए सजा के रूप में अस्वैच्छिक दासता की अनुमति जारी रहेगी।

### तर्क

**फायदा** प्रस्ताव 6 California में दासता प्रथा को समाप्त करता है और सभी के लिए मानवाधिकारों और गरिमा को कायम रखता है। यह जेल में अनैच्छिक दासता के स्थान पर स्वैच्छिक कार्य संबंधी कार्यक्रमों से बदलता है, इसे द्विदलीय समर्थन प्राप्त है, तथा यह 13वें संशोधन में सुधार के राष्ट्रीय प्रयासों के अनुरूप है। इससे पुनर्वास को प्राथमिकता मिलेगी, अपराध की पुनरावृत्ति कम होगी, तथा जनता की सुरक्षा में सुधार होगा, जिसके परिणामस्वरूप करदाताओं के पैसे की बचत होगी।

**नुकसान** प्रस्ताव 6 के विरुद्ध कोई तर्क प्रस्तुत नहीं किया गया था।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**के पक्ष में**

Esteban Nunez
Anti-Recidivism Coalition
1320 E. 7th Street, Suite 260
Los Angeles, CA 90021
(323) 830-0177
enunez@antirecidivism.org
antirecidivism.org

**के विपक्ष में**

## प्रस्ताव 32

**न्यूनतम मज़दूरी बढ़ाता है। पहल विधान।**

### सारांश

*याचिका पर हस्ताक्षरों द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

न्यूनतम मज़दूरी को इस प्रकार बढ़ाता है: 26 या अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए, तुरंत $17 करना, 1 जनवरी, 2025 को $18 करना। 25 या इससे कम कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए, 1 जनवरी, 2025 को $17 करना, 1 जनवरी, 2026 को $18 करना। **राजकोषीय प्रभाव:** राज्य या स्थानीय सरकार लागतों में वार्षिक रूप से सैंकड़ो मिलियन डॉलर तक वृद्धि या कमी हो सकती है। राज्य और स्थानीय राजस्व में वार्षिक रूप से संभवतया कुछ सौ मिलियन डॉलर से अधिक की कमी नहीं होगी। **समर्थक:** कोई प्रस्तुत नहीं किया गया **विरोधी:** California चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स; California रेस्टोरेंट संघ; California ग्रोसर्स संघ

### आपके मतदान का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ के मतदान का मतलब है: 2026 में राज्य की न्यूनतम मजदूरी $18 प्रति घंटा होगी। इसके बाद यह हर साल इस आधार पर बढ़ जाएगी कि कीमतें कितनी तेजी से बढ़ रही हैं।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं के मतदान का मतलब है: 2026 में राज्य की न्यूनतम मजदूरी लगभग $17 प्रति घंटा होने की संभावना होगी। इसके बाद यह हर साल इस आधार पर बढ़ जाएगी कि कीमतें कितनी तेजी से बढ़ रही हैं।

### तर्क

**फायदा** प्रस्ताव संख्या 32 पर हाँ के प्रस्ताव से न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर $18 कर दिया जाएगा जिससे सेवा, आवश्यक सेवा और अन्य कामगार तथा एकल माताएँ राज्य की रहन-सहन की लागत को वहन कर सकें। वर्ष 2000 के बाद से कॉर्पोरेट लाभ के मार्जिन में 100% की वृद्धि हुई है, क्योंकि कॉर्पोरेशनों ने वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि कर दी है। प्रस्ताव 32 पर हाँ, जिससे कामगार जीवन की बुनियादी ज़रूरतों को वहन कर सकें।

**नुकसान** प्रस्ताव 32 केवल एक करोड़पति द्वारा लिखा गया था और उसने जबरदस्त कमियों वाला विधेयक लिखा। प्रस्ताव 32 रहन-सहन की लागत में बढ़ोत्तरी करता है, नौकरियाँ समाप्त करता है, हमारी राज्य और स्थानीय सरकार के बजट घाटों को बदतर बनाता है, तथा California के जटिल न्यूनतम मजदूरी कानूनों को व्यवसायों और श्रमिकों के लिए समझना और भी कठिन बनाता है। 32 पर नहीं!

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**के पक्ष में**

livingwageact.com

**के विपक्ष में**

नौकरियाँ गंवाने और ऊँची कीमतों के विरुद्ध Californian वासी,
प्रस्ताव 32 पर नहीं
info@StopProp32.com
StopProp32.com

# त्वरित संदर्भ लेने वाली गाइड

## प्रस्ताव 33 आवासीय संपत्ति पर किराया नियंत्रण कानून बनाने के लिए स्थानीय सरकारों के प्राधिकार का विस्तार करता है। पहल विधान।

**सारांश** *याचिका पर हस्ताक्षरों द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

1995 के Costa-Hawkins किराए वाले आवास संबधी अधिनियम को रद्द करता है, जिसमें इस समय कुछ आवासीय संपत्तियों में नए किराएदारों के लिए आरंभिक आवासीय किराया दरों या मौजूदा किराएदारों के लिए किराया बढ़ाने को सीमित करने वाले स्थानीय अध्यादेशों की मनाही है। **राजकोषीय प्रभाव:** कुछ समुदायों में किराया नियंत्रण के संभावित विस्तार के कारण सालाना कम से कम दसियों मिलियन डॉलर के स्थानीय संपत्ति टैक्स राजस्व में कमी। **समर्थक:** CA नर्स संघ; रिटायर्ड अमेरिकियों के लिए CA गठबंधन; मानसिक स्वास्थ्य की पैरवी; आर्थिक उत्तरजीविता के लिए गठबंधन; वहनीय आवास के लिए TenantsTogether **विरोधी:** California परिषद; भूतपूर्व महिला सैनिकों का गठबंधन; California चैम्बर ऑफ़ कामर्स

### आपके मतदान का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ के मतदान का मतलब है: राज्य का कानून उन किराया नियंत्रण कानूनों की किस्मों को सीमित *नहीं करेगा* जो शहर और काउंटियाँ लागू कर सकती हैं।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं के मतदान का मतलब है: राज्य का कानून उन किराया नियंत्रण कानूनों की किस्मों को सीमित *करना जारी रखेगा* जो शहर और काउंटियाँ लागू कर सकती हैं।

### तर्क

**फायदा** किराया बहुत ज़्यादा है। एक मिलियन लोग California छोड़कर जा चुके हैं। अमेरिका में किराया नियंत्रण ने लोगों को 1919 से अपने घरों में रखने का काम किया है। California के 17 मिलियन किराएदारों को राहत की ज़रूरत है। मकान-मालिकों और करदाताओं को स्थिर समुदायों से लाभ मिलता है। California का सपना तबाह हो रहा है। आप इसे बचाने में सहायता कर सकते हैं।

**नुकसान** कॉर्पोरेट भू-स्वामी की नवीनतम आवास-रोधी योजना के बहकावे में न आएँ। California के मतदाताओं ने इस कट्टरपंथी प्रस्ताव को पहले भी दो बार अस्वीकार किया है, क्योंकि इससे नये आवासों के निर्माण पर रोक लग जाएगी और राज्य के दर्जनों नये आवास कानून प्रभावी रूप से उलट सकते हैं। नए किफायती आवास और California के मकान-मालिकों की रक्षा करने के लिए 33 पर नहीं का मतदान करें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**के पक्ष में**

Susie Shannon
AIDS Healthcare Foundation द्वारा प्रायोजित, किराये पर नियंत्रण के लिए किराएदार और मकान-मालिक 33 पर हाँ में मतदान करें
1250 6th Street, Suite 205
Santa Monica, CA 90401
(310) 576-1233
info@prop33.org
www.yeson33.org

**के विपक्ष में**

प्रस्ताव 33 पर नहीं, उत्तरदा Californians for Responsible Housing
2350 Kerner Blvd. #250
San Rafael, CA 94901
(916) 292-8100
info@californiansforresponsiblehousing.org
NoOnProp33.com

## प्रस्ताव 34 निश्चित स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रिस्क्रिप्शन दवा से प्राप्त होने वाले राजस्वों को खर्च करने पर प्रतिबंध लगाता है। पहल विधान।

**सारांश** *याचिका पर हस्ताक्षरों द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

यह अपेक्षा करता है कि कुछ प्रदाता संघीय छूट प्रिस्क्रिप्शन दवा प्रोग्राम से प्राप्त होने वाले 98% राजस्व को प्रत्यक्ष रूप से मरीज़ देखभाल पर खर्च करें। पूरे राज्य में Medi-Cal दवा की कीमतों पर मोल-भाव करने को अधिकृत करता है। **राजकोषीय प्रभाव:** निश्चित स्वास्थ्य सेवा संस्थाओं पर नए नियम लागू करने के लिए राज्य की लागतों में वार्षिक रूप से संभवतया कई मिलियन डॉलर की वृद्धि। प्रभावित संस्थाएँ इन लागतों की भरपाई करने के लिए शुल्कों का भुगतान करेंगी। **समर्थक:** ALS संघ; California दीर्घकालिक देखभाल गठबंधन; लैटिनो विरासत Los Angeles **विरोधी:** महिलाओं के लिए राष्ट्रीय संगठन; उपभोक्ता प्रहरी; आर्थिक उत्तरजीविता के लिए गठबंधन; AIDS स्वास्थ्य देखभाल संस्थान; Dolores Huerta

### आपके मतदान का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ के मतदान का मतलब है: कुछ विशेष स्वास्थ्य देखभाल संस्थाओं को संघीय दवा छूट कार्यक्रम से उन्हें अर्जित धनराशि को खर्च करने के संबंध में नए नियमों का पालन करना होगा। इन नियमों को तोड़ने के परिणामस्वरूप दंडित किया जाएगा (जैसे कि स्वास्थ्य देखभाल संस्था के रूप में काम नहीं कर पाना), आमतौर पर दस वर्ष की अवधि के लिए।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं के मतदान का मतलब है: ये नए नियम लागू नहीं होंगे।

### तर्क

**फायदा** प्रस्ताव 34 मरीज़ों की रक्षा करेगा और सुनिश्चित करेगा कि लोगों की स्वास्थ्य देखभाल के पैसा वास्तव में उन मरीज़ों तक पहुंचे जिन्हें इसकी ज़रूरत है। प्रस्ताव 34 उस कमी को दूर करेगा जिससे निगमों को स्टेडियम के नामकरण का अधिकार खरीदने और CEO के अनेकों मिलियन डॉलर वाले वेतन जैसी चीज़ों पर यह धनराशि खर्च करने की अनुमति मिल जाती है। अब मरीज़ों की रक्षा करें। प्रस्ताव 34 पर हाँ में मतदान करें।

**नुकसान** प्रस्ताव 34—बदले की पहल। California अपार्टमेंट एसोसिएशन, जो अरबपति कॉर्पोरेट मकान मालिकों का प्रतिनिधित्व करता है, मरीज़ों की परवाह नहीं करता है। इसका एकमात्र उद्देश्य AIDS स्वास्थ्य देखभाल संघ को खामोश करना है जो किराया नियंत्रण पहल का प्रायोजक है। 34 मतपत्र को हथियार बनाता है, यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, और किसी भी गैर-लाभकारी संस्था पर हमलों के द्वार खोलता है।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**के पक्ष में**

34 पर हाँ, अभी मरीज़ों की रक्षा करें: A Coalition of Women, Veterans, LGBTQ+ Advocates, and Patient Groups
2350 Kerner Blvd. #250
San Rafael, CA 94901
(916) 447-7881
info@protectcapatientsnow.com
YesOnProp34.com

**के विपक्ष में**

Susie Shannon
बदले की इस पहल को रोकें—34 पर नहीं में मतदान करें जो AIDS Healthcare Foundation द्वारा प्रायोजित किया गया है
1250 6th Street, Suite 205
Santa Monica, CA 90405
(310) 576-1233
info@votenoon34.org
www.votenoon34.org

# त्वरित संदर्भ लेने वाली गाइड

## प्रस्ताव 35 MEDI-CAL स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए स्थायी निधिकरण प्रदान करता है। पहल विधान।

**सारांश** *याचिका पर हस्ताक्षरों द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

प्रबंधित स्वास्थ्य देखभाल बीमा प्लानों पर मौजूदा टैक्स को स्थायी बनाता है, जिन्हें अगर संघीय सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया जाता है, तो वह Medi-Cal स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का भुगतान करने के लिए राजस्व प्रदान करता है। **राजकोषीय प्रभाव:** निश्चित स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए निधिकरण को बढ़ाने के लिए वार्षिक रूप से लगभग $1 बिलियन से $2 बिलियन के बीच अल्पकालिक राज्य लागतें। कुल निधिकरण में वार्षिक रूप से लगभग $2 बिलियन से $5 बिलियन की वृद्धि। अज्ञात दीर्घकालिक राजकोषीय प्रभाव। **समर्थक:** CA के Planned Parenthood सहयोगी; अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ ऑब्सटेट्रिशियन एंड गायनेकोलॉजिस्ट; अमेरिकन एकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स, CA **विरोधी:** कोई प्रस्तुत नहीं किया गया

**आपके मतदान का क्या मतलब है**

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ के मतदान का मतलब है: स्वास्थ्य योजनाओं पर मौजूदा राज्य टैक्स, जो कुछ विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रमों को वित्तपोषित करते हैं, स्थायी बन जाएंगे। नये नियम यह निर्देश देंगे कि राज्य को इस राजस्व का इस्तेमाल किस प्रकार करना होगा।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं के मतदान का मतलब है: स्वास्थ्य योजनाओं पर मौजूदा राज्य टैक्स वर्ष 2027 में समाप्त हो जाएगा, जब तक कि विधानसभा इसे जारी न रखे। नए नियम कानून नहीं बनेंगे।

**तर्क**

**फायदा** 35 पर हाँ, प्राथमिक और विशेष देखभाल, सामुदायिक क्लिनिकों, अस्पतालों, ERs, परिवार नियोजन और मानसिक स्वास्थ्य प्रदाताओं तक पहुँच को सुरक्षित करने के लिए—*टैक्सों में वृद्धि किए बिना*—समर्पित वित्तपोषण सुनिश्चित करके हमारे तत्काल स्वास्थ्य देखभाल के संकट का समाधान करता है। प्रस्ताव 35 राज्य को गैर-स्वास्थ्य देखभाल संबंधी उद्देश्यों के लिए रखी गई निधियों का इस्तेमाल करने से रोकता है। Planned Parenthood, बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टरों, California मेडिकल एसोसिएशन द्वारा समर्थित। *www.VoteYes35.com*

**नुकसान** प्रस्ताव 35 के विरुद्ध कोई तर्क प्रस्तुत नहीं किया गया था।

**अतिरिक्त जानकारी के लिए**

**के पक्ष में**

35 पर हाँ—हमा Protect Our Health Care
2350 Kerner Blvd. #250
San Rafael, CA 94901
(916) 238-8310
info@VoteYes35.com
VoteYes35.com

**के विपक्ष में**

## प्रस्ताव 36 कुछ विशिष्ट नशीले पदार्थों और चोरी के अपराधों के लिए घोर अपराधों के आरोप लगाने की अनुमति देता है और सज़ाओं को बढ़ाता है। पहल विधान।

**सारांश** *याचिका पर हस्ताक्षरों द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

अपने पास कुछ विशिष्ट नशीले पदार्थ रखने और $950 से कम की चोरी के लिए तब घोर अपराध के आरोप लगाने की अनुमति देता है, अगर प्रतिवादी पर पहले से नशीले पदार्थ या चोरी करने के दोष दो बार सिद्ध हो चुके हों। **राजकोषीय प्रभाव:** राज्य आपराधिक न्याय लागतों की सालाना संभवतया कई दसियों मिलियन डॉलर से लेकर निम्न सैंकड़ों मिलियन डॉलर तक होने की संभावना है। स्थानीय आपराधिक न्याय लागतों की सालाना दसियों मिलियन डॉलर में होने की संभावना है। **समर्थक:** California के संयुक्त अपराध पीड़ित; California ज़िला अटॉर्नी संगठन; California का पारिवारिक व्यवसाय संघ **विरोधी:** Diana Becton, ज़िला अटॉर्नी Contra Costa काउंटी; सुरक्षा और न्याय के लिए अपराध उत्तरजीवी

**आपके मतदान का क्या मतलब है**

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ के मतदान का मतलब है: कुछ विशेष नशीले पदार्थों या चोरी के अपराधों के लिए दोषी पाए गए लोगों को अधिक सजा मिल सकती है, जैसे कारावास में लंबी सजाएँ। कुछ विशेष मामलों में, अवैध नशीले पदार्थ रखने वाले लोगों से अपेक्षित होगा कि वे उपचार पूरा करें या तीन वर्ष तक कारावास में रहें।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं के मतदान का मतलब है: नशीले पदार्थों और चोरी के अपराधों के लिए सजा पहले जैसी बनी रहेगी।

**तर्क**

**फायदा** प्रस्ताव 36 अनियंत्रित चोरी और नशीले पदार्थों की तस्करी का समाधान करके California के समुदायों को सुरक्षित बनाता है। यह बार-बार अपराध करने वाले व्यक्तियों को जवाबदेह ठहराते हुए, फेंटानिल और नशीली पदार्थों के तस्करों और “तोड़े-और-हथियाएँ” के लिए दंडों को और कड़ा बनाता है। यह मौजूदा कानूनों की कमियों को दूर करने के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए सिलसिलेवार चोरों पर निशाना साधता है तथा नशीले पदार्थों के आदी लोगों के उपचार को प्रोत्साहित करता है।

**नुकसान** इसके झाँसे में न आएँ। प्रस्ताव 36 से अपराध बढ़ेंगे, कम नहीं होंगे। यह नशीले पदार्थों पर असफल हो चुके संघर्ष को फिर से हवा देता है, अल्प मात्रा में नशीले पदार्थों के पास होने को एक बड़ा अपराध बनाता है और पीड़ितों, अपराध की रोकथाम, उपचार और पुनर्वास के लिए बेहद ज़रूरी निधिकरण में कमी करते हुए जेलों पर कई बिलियन धन की बर्बादी करता है। यह जेलों को तरजीह देता है और उपचार की उपेक्षा करता है। नहीं में मतदान करें।

**अतिरिक्त जानकारी के लिए**

**के पक्ष में**

सुरक्षित समुदायों के लिए California वासी
info@VoteYesProp36.com
VoteYesProp36.com

**के विपक्ष में**

Info@StopProp36.com
StopProp36.com